[This question paper contains 7 printed pages.]

4077 आपका अनुक्रमांक ....

B.Com. (बी. कॉम.) / I **C**

Paper V – HINDI (A)

प्रश्न-पत्र V – हिन्दी (क)

(भाषिक प्रयोग और क्षमता, संप्रेषण क्षमता, काव्य संकलन, गद्य संकलन, द्रुत वाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक : 75*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

(क) पुरतें निकसी रघुबीर बधू धरि धीर दए मगमें डग द्वै।
झलकीं भरि भालकनीं जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै ।।
फिरि बूझति हैं, चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित ह्वै ?
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै ।।

P.T.O.

अथवा

हिमाद्रि तुंग शृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती-
स्वयंप्रभा समुज्ज्वला
स्वतन्त्रता पुकारती-

अमर्त्य वीरपुत्र हो, दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो
प्रशस्त पुण्य पंथ है - बढ़े चलो, बढ़े चलो ।। (5)

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

धूप चमकती है चाँदी की साड़ी पहने
मैके में आयी बेटी की तरह मगन है
फूली सरसों की छाती से लिपट गयी है
जैसे दो हमजोली सखियाँ गले मिली हैं
भैया की बाँहों से छूटी भौजाई-सी
लहँगे की लहराती लचती हवा चली है।

(i) उक्त कविता में वर्णित 'धूप' की तुलना किससे की गई है ?

(ii) 'मैके में आयी बेटी की तरह मगन हैं' पंक्ति के माध्यम से कवि ने स्त्री की किस स्थिति की ओर संकेत किया है ? स्पष्ट कीजिए। (5)

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) महाशय रामरत्न को इधर रामचरण को समझने में कठिनाई हो रही है। वह पढ़ता है और अपने में रहता है। कुछ कहते हैं तो दो-एक बार तो सुनता ही नहीं। सुनता है तो जैसे चौंक पड़ता है। ऐसे समय, मानों विघ्न पड़ा इस भाव से वह झुँझला भी उठता है। लेकिन तभी झुँझलाने पर वह अपने से अप्रसन्न भी दीखता है और फिर बिन बात, बिन अवसर वह बेहद विनम्र हो जाता है। यह तेरह वर्ष की अवस्था ही ऐसी है। तब कुछ बालक में उग रहा होता है। इससे न वह ठीक बालक होता है, न कुछ और। उसे प्यार नहीं कर सकते, न उससे परामर्श कर सकते हैं। तब वह किस क्षण बालक है और किस पल बुजुर्ग, यह नहीं जाना जा सकता।

अथवा

वीरता हमेशा निराली और नई होती है। नयापन भी वीरता का एक खास रंग है। हिंदुओं के पुराणों का वह आलंकारिक ख्याल, जिससे पुराणकारों ने ईश्वरावतारों को अजीब-अजीब और भिन्न-भिन्न

लिबास दिए हैं, सच्चा मालूम होता है। क्योंकि वीरता का एक विकास दूसरे विकास से कभी किसी तरह मिल नहीं सकता। वीरता की कभी नकल नहीं हो सकती। (5)

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

तुम्हारी लीडरशिप का मज़ा न आया। आज तो कुछ रचनात्मक कार्य होना चाहिए। तो तैयार हो जाओ! मैं देश के चौमुखी विकास और विश्व शांति की स्थापना के लिए जो कदम उठाने जा रहा हूँ, उसमें तुम्हारे-जैसे नौजवान की मदद चाहिए। अगर तुम हिम्मत से काम लोगे तो माबदौलत खुश होकर तुमको होम-मिनिस्टर बना देंगे।

(i) जनता की भलाई के लिए कौन-से रचनात्मक कार्य करने पर विशेष बल दिया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) उक्त पंक्तियों के माध्यम से लेखक कैसे नेता और कैसी राजनीति की ओर संकेत करता है ? उल्लेख कीजिए। (5)

3. 'मार हथौड़ा कर कर चोट' अथवा 'धार' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। (8)

4. 'आत्म शिक्षण' अथवा 'सच्ची वीरता' का सार लिखिए। (7)

5. 'खड़ी बोली' **अथवा** 'अवधी' का संक्षिप्त परिचय दीजिए। (4)

6. अच्छे संक्षेपण की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

टिप्पण की उपयोगिता पर टिप्पणी लिखिए। (4)

7. (क) कोश की परिभाषा लिखते हुए द्विभाषी कोश की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

आकाश, इमारत, समाज, कमल, नेत्र, आदमी, धरती, पानी

(4)

(ख) हिन्दी भाषा के क्षेत्र में कम्प्यूटर के प्रयोग की संभावनाओं पर विचार कीजिए। (3)

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए :

Capital, Editorial, Dividend, Mortgage, Payable, Revenue, Sensex, Validity (4)

8. (क) किसी सरकारी कार्यालय में सहायक के पद हेतु स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।

अथवा

व्यावसायिक पत्र-लेखन की विशेषताएँ बताइए। (4)

(ख) ज्ञापन किसे कहते हैं ? इसका एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (4)

(ग) किसी एक विषय पर आलेख लिखिए :

(i) महिला सशक्तिकरण

(ii) बढ़ता हुआ आतंकवाद

(iii) दिल्ली में बढ़ती असुरक्षा

(iv) युवा-शक्ति

(v) पर्यावरण (5)

9. 'इला' नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) सुद्युम्न विद्याधर से क्यों कहता है कि वह 'उपहास और अपमान' का प्रतीक है ?

(ii) सुमति अपने आत्म-सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए क्या तर्क प्रस्तुत करती है ?

(iii) 'मनु' के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

"गोदान" उपन्यास के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) 'धनिया' के चरित्र का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ii) 'मालती बाहर से तितली है और भीतर से मधुमक्खी' – इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) प्रो. मेहता के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (3,3,2)